आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. देशभर में दुर्गा पूजा का पर्व धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
2. मुख्य सचिव ने द्वीपसमूह में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि होने से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की।
3. एफएसएसएआई ने रेडी–टू–ड्रिंक डेयरी पेय पदार्थों की भ्रामक लेबलिंग और विज्ञापनों को लेकर प्रमुख निर्माताओं को नोटिस जारी किए।
4. द्वीपसमूह में आगामी चुनाव को देखते हुए महिलाओं के आरक्षित सीटों के आवंटन के लिए लॉटरी आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><><>

आज दुर्गा पूजा का पावन पर्व महाष्टमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सुबह से ही मां दुर्गा की विशेष पूजा–अर्चना और अन्य धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। द्वीपसमूह में भी दुर्गा पूजा पंडालों में सुबह से ही विशेष पूजा–अर्चना के कार्यक्रम चल रहे हैं।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा ने कल श्री विजयपुरम में आयोजित विभिन्न दुर्गा पूजा उत्सवों में भाग लिया। उन्होंने नेताजी क्लब में ईगल क्लब द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा समिति के स्वर्ण जयन्ती समारोह में भी भाग लिया और उपस्थित श्रद्धालुओं से बातचीत की। इसके अलावा उप–राज्यपाल ने जंगलीघाट स्थित राधा कृष्ण मंदिर में दुर्गा चैतन्य कार्यक्रम में भाग लेते हुए कानून और निर्धारित सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए उत्साह के साथ त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान सांसद, जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

<><><><><><><><>

मुख्य सचिव ने द्वीपसमूह में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि होने से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के लिए 'राज्य पशु रोग आपातकालीन समिति' की बैठक की अध्यक्षता की। समिति ने रोकथाम,

निगरानी और असंक्रमित क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए समन्वित उपायों पर विचार–विमर्श किया। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को इस प्रकोप को एक आपदा के रूप में मानने और भारत सरकार द्वारा जारी 'अफ्रीकन स्वाइन फीवर के नियंत्रण, रोकथाम और उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना' का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित मानक संचालन प्रक्रियाओं को लागू करने और जिला प्रशासन के साथ समन्वय सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। संक्रमण के मुख्य केंद्र कार निकोबार में अरोंग तथा नगरपालिका क्षेत्र में प्रेम नगर और ब्रुक्शाबाद हैं। भारत सरकार द्वारा पशुपालन आयुक्त के नेतृत्व में गठित पाँच सदस्यीय तकनीकी टीम कल द्वीपसमूह पहुँच गई है। निर्देशानुसार जिरकाटांग चेक पोस्ट में संबंधित पोस्टर लगाने, मध्योत्तर अण्डमान जाने वाले सभी वाहनों का सेनेटाइजेशन और जाँच अनिवार्य किया गया है। इसी प्रकार हेलीपैड और बंदरगाह पर किए गए सेनेटाइजेशन की कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

इसके अलावा शवों को दफ़नाने के लिए निर्धारित स्थानों को अधिसूचित किया जाना चाहिए। यह स्थल आवासीय क्षेत्रों और जल स्रोतों से दूर होना चाहिए, तथा आसपास के क्षेत्रों से जल का रिसाव नहीं होना चाहिए। इस स्थल का उपयोग अगले 6 महीनों तक किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। दफ़नाने के स्थान के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाना चाहिए, जो दफ़नाए गए पशुओं की संख्या का रिकॉर्ड रखेगा। इस सिलसिले में कल खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की एक टीम ने प्रेमनगर, दिलानीपुर, जंगलीघाट, डेरी फार्म, भातूबस्ती, पत्थरगड्ढा, सिप्पीघाट से टुशनाबाद क्षेत्र तक निरीक्षण किया।

<><><><><><><>

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने रेडी–टू–ड्रिंक डेयरी पेय पदार्थों की भ्रामक लेबलिंग और विज्ञापनों को लेकर प्रमुख निर्माताओं को नोटिस जारी किए हैं। प्राधिकरण के अनुसार, कॉफी के स्वाद वाले दूध के कुछ उत्पादों की पैकेजिंग और ऑनलाइन विज्ञापनों में विसंगतियां पाई गई हैं। उत्पादों के पैकेट पर इन्हें 'फ्लेवर्ड मिल्क' यानी स्वादयुक्त दूध बताया गया है, जबकि पीछे इसे

'प्रोपराइटरी फूड' श्रेणी का बताया गया है। इस कार्रवाई का उद्देश्य उत्पादों की सही जानकारी सुनिश्चित करना और उपभोक्ताओं को भ्रामक दावों से बचाना है।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों, जिला परिषदों और श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। इस संबंध में चुनाव आयोग मध्योत्तर अंडमान में ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषद में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों के आवंटन हेतु सत्ताईस अक्तूबर को सुबह साढ़े दस बजे मायाबंदर के जिला परिषद सामुदायिक सभागार में, जबकि दक्षिण अंडमान जिले में अट्ठाईस अक्तूबर को सुबह साढ़े ग्यारह बजे डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सभागार में लॉटरी आयोजित करेगा।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त की अधिसूचना के अनुसार, नगरपालिका क्षेत्र की सीमाओं के भीतर वाहनों की श्रेणी–वार गति सीमाएँ निर्धारित की गई हैं। विभिन्न स्थानों पर स्पीड वायलेशन डिटैक्शन कैमरे स्थापित किए गए हैं। इन कैमरों की मदद से निर्धारित गति सीमा से तेज़ चलने वाले वाहनों को स्वचालित रूप से पकड़ा जाएगा। ऐसे उल्लंघनों के खिलाफ कानून के अनुसार उचित प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। स्टड श्रेणी के वाहनों के लिए एक हजार पांच सौ रूपये और मध्यम एवं भारी वाहनों के लिए तीन हजार रूपये जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ 3 महीने की अवधि के लिए ड्राइविंग लाइसेंस भी निलंबित कर दिया जाएगा। सभी वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमाओं का सख्ती से पालन करने की अपील की गई है।

<><><><><><><><>

सामुदायिक विकास खंड, लिटिल अंडमान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हाल ही में अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों और सफाई मित्रों की समर्पित सेवाओं को मान्यता देना और स्वच्छता, कचरा पृथक्करण तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने में छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में लिटिल अंडमान पंचायत

समिति के प्रमुख परमनाथन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान, मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने गाँवों में स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने में स्वच्छता कर्मियों के समर्पित प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत विवेकानंदपुर के गौरंगा हलधर, ग्राम पंचायत हट बे की बिमल देवी व ग्राम पंचायत रवींद्र नगर के अरविन्द बेक जैसे सफाई मित्रों और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

<><><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स और **द्वीप समाचार ने** अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा के दुर्गा पूजा समारोहों में भाग लेने के समाचार को प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने मुख्य सचिव द्वारा अफ्रीकन स्वाइन फीवर की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक के समाचार को भी प्रमुखता दी है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने टी एस जी भास्कर के बाराटांग के बोट मालिकों से मुलाकात करने के समाचार को प्रकाशित किया है। **द इको ऑफ इंडिया** ने अंडमान निकोबार पुलिस दल द्वारा राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली में भाग लेने के समाचार को भीतर के पृष्ठ में, जबकि **इंफो इंडिया** ने महिला क्रिकेट टीम की जिम्बावे टीम पर नौ विकेट से अजेय बढ़त के समाचार को खेल पृष्ठ में जगह दी है।

<><><><><><><><>